भरुच में स्वच्छता और ग्रीन कवर को बढ़ाने की पहल

लोकतेज संवाददाता

अहमदाबाद। डीसीएम श्रीराम लिमिटेड के झगड़िया में स्थित श्रीराम अल्कली एंड केमिकल्स

यूनिट द्वारा सीएसआर पहल के तहत भरूच शहर की स्वच्छता और ग्रीन कवर को बढ़ाने की पहल की गई है। ग्रीन भरूच, स्वच्छ भरुच पहल शुरुआती भाग के रूप में भोलाव झील पर डीसीएम श्रीराम लिमिटेड द्वारा आयोजित कार्यक्रम में संसद सदस्य और पूर्व कैबिनेट मंत्री मनसुखभाई वसावा, भरूच के विधायक दुष्यंतभाई पटेल, जिला कलेक्टर रवि कुमार अरोरा, डीडीओ, मिस क्षिप्रा अग्रे, वरिष्ठ वन अधिकारी, एमआर सोलंकी और राज पटेल तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नेता मौजूद थे और वृक्षारोपण किया।